रेडियो खांची पर 17 से कॅरियर रिलेटेड जवाब

ranchi@inext.co.in

RANCHI (15 May) : रांची विवि के रेडियो खांची 90.4 एफएम को छात्रों की कॅरियर काउंसेलिंग के लिए एक नया प्रोजेक्ट मिला है. यह कॉमनवेल्थ एजुकेशनल सेंटर फॉर एशिया (सिमका) नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित है. इसने देशभर से 10 सामुदायिक रेडियो स्टेशनों का चयन किया है. इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत कॅरियर काउंसेलर डा. एचएच राघव 45 दिनों तक विद्यार्थियों के सवालों के जवाब देंगे. विद्यार्थी कॅरियर को लेकर सवाल कर सकेंगे. साथ ही कोरोना को लेकर पढ़ाई प्रभावित हो रही है. इसका समाधान भी बताएंगे. विद्यार्थियों में निराशा का भाव भी देखा जा रहा है. इन्हीं सब समस्याओं के समाधान के लिए कॅरियर काउंसेलिंग का टाइटल है- काउंसेलिंग फार यूथ. इसका प्रसारण सोमवार 17 मई से प्रातः 10:30 बजे तथा रात्रि में 8:30 बजे किया जाएगा. इसमें विद्यार्थी सवाल पूछ सकते हैं. वे 94720 8 6904 पर कॉल करके या मैसेज कर अपना नाम, कक्षा, पता तथा प्रश्न भेज सकते हैं.

खांची 90.4 एफएम पर उपलब्ध होंगे काउंसेलर डा. एचएच राघव

स्टूडेंट्स को होगा फायदा

रांची विवि को प्रोजेक्ट मिलने पर विवि परिवार खुश है. वीसी प्रोफेसर कामिनी कुमार ने कहा कि रेडियो खांची छात्र हित में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन करता आ रहा है. इस प्रोजेक्ट से विद्यार्थियों को बहुत फायदा होगा. उन्होंने इस प्रोजेक्ट को पाने के लिए खांची की टीम को बधाई दी. एचआरडीसी निदेशक डा. ज्योति कुमार, डा. प्रीतम कुमार, डा. राजकुमार शर्मा, डा. आशीष झा, डा. राजेश कुमार, डा. ब्रजेश कुमार ने टीम को बधाई दी. रेडियो खांची के निदेशक डॉ. आनंद कुमार ठाकुर ने कहा कि वे करीब छह महीने से इस काउंसेलिंग प्रोजेक्ट के लिए सिमका जैसे संस्थान के संपर्क में थे. रेडियो खांची अपने सभी प्रोजेक्ट में पूरी मेहतन मेहनत करता है. इसमें विवि के अधिकारियों का सहयोग मिलता है.

रेडियो खांची. करियर से जुड़ा सवाल है, तो करें कॉल

रांची. रांची विवि के सामुदायिक रेडियो केंद्र रेडियो खांची 90.4 एफएम को छात्रों के करियर काउंसेलिंग के लिए एक नया प्रोजेक्ट मिला है. यह कॉमनवेल्थ एजुकेशनल सेंटर फॉर एशिया (सिमका) नयी दिल्ली द्वारा प्रायोजित है. इस प्रोजेक्ट के तहत देश के प्रसिद्ध काउंसेलर डॉ एचएस राघव डेढ़ महीने तक विद्यार्थियों के सवालों का जवाब देंगे. इसस करियर गाइडेंस में मदद मिलेगी. इस प्रोजेक्ट के मिलने पर रांची विवि की प्रभारी कुलपति डॉ कामिनी कुमार ने कहा कि रेडियो खांची छात्र हित में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन करता आ रहा है और इस करियर काउंसेलिंग के प्रोजेक्ट से विद्यार्थियों का फायदा होगा.

प्रोजेक्ट का उद्देश्य : महामारी के समय विद्यार्थियों को घर में ही रहकर पढ़ाई और अपने करियर की तैयारी करनी पड़ रही है. कई बार उन्हें निराशा का भाव भी देखा जा रहा है. इसी समस्या के समाधान के लिए इस प्रोजेक्ट (करियर काउंसेलिंग फॉर यूथ) का आयोजन किया जा रहा है. इसका प्रसारण 17 मई से सुबह 10.30 बजे और रात में 8.30 बजे होगा. कोई भी विद्यार्थी करियर से संबंधित सवाल पूछ सकता है. इसके लिए मोबाइल नंबर 9472086904 पर कॉल करके या मैसेज करके अपना नाम, क्लास, और प्रश्न भेजना है. रेडियो खांची के निदेशक डॉ आनंद ठाकुर ने बताया कि छह महीने पहले इस करियर काउंसेलिंग प्रोजेक्ट के लिए सिमका जैसे प्रतिष्ठित संस्थान से बात चल रही थी.

- रेडियो खांची को मिला करियर काउंसेलिंग के लिये मिला नया प्रोजेक्ट

Prabhat khabar 16-5-2021

कॅरियर काउंसलिंग फॉर यूथ • किसी भी उम्र के लोग पूछ सकते हैं सवाल

डॉ. एचएस राघव कल से रेडियो खांची पर, डेढ़ माह तक तनाव घटाने व कॅरियर से जुड़े टिप्स देंगे

एजुकेशन रिपोर्टर | रांची

रांची यूनिवर्सिटी की रेडियो खांची को एक वर्ष के अंदर छह प्रोजेक्ट मिल चुके हैं। सातवां प्रोजेक्ट शनिवार को मिला है। इस प्रोजेक्ट के तहत देश के जाने-माने काउंसलर डॉ. एचएस राघव कोरोना काल में डेढ़ महीने तक छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों समेत अन्य लोगों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब देंगे।

इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य कोरोना काल में लोगों में तनाव कम करना है। रेडियो खांची के डायरेक्टर डॉ. आनंद कुमार ठाकुर ने बताया कि कोविड-19 महामारी के समय विद्यार्थियों को घर में ही रहकर पढ़ाई-लिखाई व अपने कॅरियर की तैयारी करनी पड़ रही है। महामारी के कारण उनका बाहरी संपर्क नहीं के बराबर रह गया है। ऐसे माहौल में उनके अंदर निराशा का भाव आ रहा है। इस प्रोजेक्ट का मौलिक उद्देश्य इसी समस्या का समाधान करना है। इसका टाइटल कॅरियर काउंसलिंग फॉर यूथ है।

9472086904 पर कॉल या मैसेज करें

कार्यक्रम का प्रसारण सोमवार 17 मई से सुबह 10:30 बजे और रात 8:30 बजे किया जाएगा। इसमें कोई भी विद्यार्थी अपने कॅरियर से संबंधित सवाल पूछ सकता है। इसके लिए उसे मोबाइल नंबर 9472086904 पर कॉल या मैसेज करना होगा, जिसमें नाम, कक्षा, पता व प्रश्न बताना होगा।

वीसी ने इसे छात्रों के लिए उपयोगी बताया

आरयू की वीसी डॉ. कामिनी कुमार ने कहा कि यह प्रोजेक्ट छात्रों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। इस प्रोजेक्ट को पाने के लिए रेडियो खांची के सभी स्टॉफ को बधाई। इसके अलावा डीएसडब्ल्यू डॉ. राजकुमार शर्मा, साइंस डीन डॉ. ज्योति कुमार, रजिस्ट्रार डॉ. मुकुंद मेहता, परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष झा आदि ने बधाई दी है।

Dainik Bhaskar 16-5-2021